# 5 अध्याय: सारांश, निष्कर्ष और सुझाव

# अध्याय : सारांश, निष्कर्ष और सुझाव

## 5.1 प्रस्तावना

यह अध्याय अध्ययन के अंतिम परिणामों, निष्कर्षों और सुझावों का सार प्रस्तुत करता है। इसमें अध्ययन के उद्देश्य, निष्कर्षों की व्याख्या और शिक्षा प्रणाली में सुधार हेतु सुझाव दिए गए हैं। यह अध्याय शोध कार्य का सारांश है, जो अध्ययन के परिणामों को स्पष्ट और संक्षिप्त रूप से प्रस्तुत करता है।

## 5.2 अध्ययन का उद्देश्य

इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य सिंगरौली जिले के बैढ़न ब्लॉक के सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में खेलकूद सुविधाओं तथा संचालन में आने वाली कठिनाइयों का आकलन, उपलब्धता और गुणवत्ता का मूल्यांकन करना था। विशेष रूप से, सरकारी विद्यालयों के खेलकूद सुविधाओं तथा संचालन मे आने वाली कठिनाइयों का विश्लेषण किया गया। इस अध्ययन में निम्नलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास किया गया है |

सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में खेलकूद सुविधाओं तथा संचालन में आने वाली कठिनाइयों का आकलन करना।

यह मूल्यांकन करना कि कौन सी सुविधाएँ उपलब्ध हैं और उनका उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है।

स्कूलों में खेलकूद के कार्यक्रमों की प्रभावशीलता और छात्रों की भागीदारी को मापना।

## 5.3 समस्या का कथन

इस अध्ययन के मुख्य प्रश्न थे:

i. सिंगरौली जिले के बैढ़न ब्लॉक के माध्यमिक विद्यालयों में खेलकूद की सुविधाओं तथा संचालन में आने वाली कठिनाइयों का स्थिति क्या है?

ii. केवल सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में खेलकूद सुविधाओं तथा संचालन में आने वाली कठिनाइयों का अध्ययन,

iii. इन प्रश्नों का उत्तर प्राप्त करने के लिए संबंधित विद्यालयों से जानकारी एकत्रित की गई और विश्लेषण किया गया।

## 5.4 अनुसंधान उपकरण

डेटा संग्रहण के लिए एक स्वयं निर्मित प्रश्नावली का उपयोग किया गया, जिसमें खेलकूद सुविधाओं की उपलब्धता, गुणवत्ता, रखरखाव और संचालन के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। इसके अतिरिक्त, अनौपचारिक साक्षात्कार भी लिए गए, ताकि अधिक स्पष्ट और सटीक जानकारी प्राप्त की जा सके।

## 5.5 शैक्षिक कार्यान्वयन

अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर, यह पाया गया सिंगरौली जिले के बैढ़न ब्लॉक के सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में खेलकूद की सुविधाएँ सीमित देखा गया तथा संचालन में आने वाली कठिनाइयों का मात्रा अधिक पाया गया है। विद्यालयों में कुछ उन्नत सुविधाएँ थीं, लेकिन वे सभी छात्रों के लिए समान रूप से उपलब्ध नहीं थीं। खेलकूद के कार्यक्रमों में छात्रों की भागीदारी अधिक होती है, लेकिन इन सुविधाओं का नियमित रूप से उपयोग नहीं किया जाता। सरकारी विद्यालयों में संसाधनों की कमी के कारण खेलकूद के कार्यक्रमों का प्रभाव सीमित था।

## 5.6 परिणाम

- अध्ययन से निम्नलिखित प्रमुख परिणाम सामने आए:
- खेल मैदानों की उपलब्धता: सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में खेलकूद मैदानों की संख्या कम है, तथा उनकी गुणवत्ता और रखरखाव में भी कमी है, लेकिन उपलब्ध मैदान अच्छी गुणवत्ता के है |
- खेल उपकरणों की स्थिति: सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में खेल उपकरणों की कमी है, जबकि कुछ विशेष खेलों के लिए अच्छे उपकरण उपलब्ध है
- प्रशिक्षकों की स्थिति: सरकारी विद्यालयों में प्रशिक्षकों की नियुक्ति नियमित रूप से नहीं की जाती है , लेकिन प्रशिक्षकों की नियुक्ति अस्थायी रूप से की जाती है।
- छात्रों की भागीदारी:सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों की खेलकूद में रुचि है , लेकिन सुविधाओं की कमी के कारण उनकी भागीदारी प्रभावित होती।

## 5.7 सुझाव

अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर निम्नलिखित सुझाव दिए गए हैं:

- **खेलकूद सुविधाओं का विस्तार:** सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में खेलकूद सुविधाओं का विस्तार किया जाए और उनके रखरखाव को नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाए।
- **खेल उपकरणों की उपलब्धता:** सिंगरौली जिले के बैढ़न ब्लॉक के सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में खेल उपकरणों की संख्या बढ़ाई जाए और उनकी गुणवत्ता में सुधार किया जाए।
- **प्रशिक्षकों की नियुक्ति:** प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए और उन्हें नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाए।
- **खेलकूद के कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ाना:** छात्रों को खेलकूद के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाए और इन कार्यक्रमों की निरंतरता सुनिश्चित की जाए।
- **सरकारी सहायता:** सरकारी विद्यालयों को खेलकूद के लिए अधिक बजट और संसाधन दिए जाएं ताकि वे सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में बेहतर खेलकूद सुविधाएँ तथा संचालन में आने वाली कठिनाइयों में समाधान प्रदान कर सकें।

## 5.8 निष्कर्ष

इस अध्ययन से यह निष्कर्ष निकला कि सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में खेलकूद सुविधाएँ तथा संचालन में आने वाली कठिनाइयों का अध्ययन महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन सरकारी विद्यालयों में इन सुविधाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता में सुधार की आवश्यकता है। सरकारी विद्यालयों में कुछ उन्नत सुविधाएँ उपलब्ध हैं, लेकिन उन सुविधाओं का सभी छात्रों के लिए समान रूप से उपलब्ध होना आवश्यक है। इस अध्ययन से प्राप्त निष्कर्षों को ध्यान में रखते हुए, संबंधित अधिकारियों को खेलकूद की सुविधाओं तथा संचालन में आने वाली कठिनाइयों को सुधारने और छात्रों की समग्र शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाने चाहिए।